दिनांकः 09.09.2024　　　　　　　　　समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जोधपुर में चल रहे भारत सहित आठ देशों की सेनाओं के युद्धाभ्यास तरंग शक्ति में आज सेना के तीनों अंगों के वाइस चीफ ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। इस दौरान अमरीका, जापान, फ्रांस, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और सिंगापुर के एयर फोर्स ऑफिसर और 16 से ज्यादा देशों के पर्यवेक्षक साक्षी बने। तीनों उप प्रमुखों की ये उड़ान महत्वपूर्ण रणनीतिक तौर पर देखी जा रही है। आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणी, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन दुनिया के देशों को भारतीय युद्धक विमान की कौशल क्षमता का परिचय दिया। अभ्यास में शामिल सभी देशों के एयर चीफ 12 सितम्बर को जोधपुर आएंगे। वे एक–दूसरे के लड़ाकू विमानों को उड़ाकर उनकी क्षमता को परखेंगे। तरंग–शक्ति 2024 का ये दूसरा फेज है। इससे पहले 6 से 14 अगस्त तक तमिलनाडु के सुलार में इसका पहला फेज पूरा हुआ था। इसमें 30 देशों के वायुसेना के जवान शामिल हुए थे।

000

वस्तु और सेवाकर परिषद की बैठक आज नई दिल्ली में हो रही है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इस बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राज्यों के वित्तमंत्री मौजूद हैं। पिछली जी एस टी परिषद की बैठक इस वर्ष जून महीने में हुई थी।

000

प्रदेश में आज से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की जा रही है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान निक्षय मित्र बनाए जाएंगे, जो लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरुक करेंगे। इस दौरान गांव–ढाणियों तक इस रोग के प्रति जागरुकता बढाई जाएगी और लोगों को टीबी रोग के लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी देकर पौष्टिक भोजन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

000

राज्य के पूर्वी जिलों में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं अति भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 22 सेंटीमीटर बारिश भरतपुर के नगर में हुई। वहीं दौसा और डूंगरपुर में 9–9, बांसवाडा के बागीदौरा में 8, बारां में 7 अलवर के मंडावर में 6 और ब्यावर में 4 सेंटीमीटर बरसात हुई। प्रदेश में हो रही मॉनसून की अच्छी बारिश से नदी नालों में पानी की आवक लगातार जारी है। कई बांध लबालब हो चुके हैं और अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। इस बार रेगिस्तानी जिलों में भी हुई तेज बारिश से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति देखी जा रही है। सरहदी जिले बाडमेर और जैसलमेर में बीती रात भी कई जगह मूसलाधार वर्षा हुई।

अजमेर में बारिश के कारण जनजीवन पर खासा असर पड़ रहा है। कई कॉलोनियां और सड़कें डूबी हुई हैं। फॉयसागर और आना सागर झील ओवलफ्लो चल रही है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जिला प्रशासन ने एहतियातन आज स्कूलों में बच्चों का अवकाश रखा है। मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में

मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की भी आशंका है। कल पूर्वी राजस्थान में कई जगह मध्यम से तेज बारिश का पूर्वानुमान है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज एक दिन के दौरे पर जैसलमेर के रामदेवरा पहुंचेंगे। वे बाबा रामदेव मंदिर में दर्शन कर पूजा–अर्चना करेंगे। श्री बिरला पदयात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष की यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के माकूल इंतजाम किये हैं। इस बीच, रामेदवरा मेला अपने पूरे परवान पर है। पांच सितम्बर से शुरू हुए इस मेले में राजस्थान सहित देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दस दिवसीय मेले में भाद्रपद की दसवीं को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी।

000